गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.ir

कमांक 384 परीक्षा / नामांकन / 2021 बिलासपुर, दिनांक 26/11/21

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– नामांकन कार्य– सत्र 2021–22 के संदर्भ में ।

विषयांतर्गत अवगत हो कि आपके विभाग में सत्र 2021–22 हेतु प्रवेशित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन का प्रेषण एवं कम्प्यूटर में नाम प्रविष्टि निम्न बिन्दुओं में उल्लेखित निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित किया जावें:–

1. छात्र–छात्राओं का नाम एवं उनके माता–पिता का नाम 10वीं के अंकसूची के आधार पर हिंदी एवं अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में कम्प्यूटर (Excel File) में अंकित किया जाना है और इसकी Soft copy परीक्षा नियंत्रक के e-mail पर भेजना सुनिश्चित करना चाहें ।
2. विभाग द्वारा नामांकन आवेदन एवं नामांकन सूची अंग्रेजी के **वर्ण कम** में ही प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें ।
3. ऐसे छात्र जो प्रवेश पश्चात् कुछ दिनों के अंदर ही टी.सी. लेना चाहते है, उन्हें नामांकन (Enrolment No.) जारी किये जाने हेतु उनके **प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति** एवं स्वहस्ताक्षरित अंकसूची की छायाप्रति पृथक से परीक्षा विभाग में भेजे ।
4. विभाग द्वारा **पुराने छात्रों का नामांकन कमांक उनके नाम के समक्ष अनिवार्य रूप से अंकित किया जावे** । केवल नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं (सत्र 2021–22) का नामांकन कमांक रिक्त रखा जावे जिसे नामांकन आवेदन परीक्षण उपरान्त परीक्षा विभाग द्वारा भरा जावेगा ।
5. किसी भी राज्य के छात्र–छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश उपरांत नामांकन कमांक (Enrolment No.) जारी किये जाने हेतु **प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति (Origional Migration Certificate) जमा करना अनिवार्य होगा** ।
6. स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले उत्तरप्रदेश राज्य के छात्र–छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रमाणित टी.सी.प्रस्तुत करना होगा, जिसे उ.प्र. बोर्ड द्वारा प्रवजन प्रमाण पत्र मान्य किया गया है । टी.सी. प्रमाणित न होने पर नामांकन जारी किया जाना संभव नहीं होगा ।
7. कृपया यह सुनिश्चित करें कि कम्प्यूटर में एक छात्र के नाम की दुबारा प्रविष्टि ना हों ।
8. छात्र / छात्राओं के नाम कम्प्यूटर (Excel File) में प्रविष्टि कराने के पश्चात् उनके मूल प्रवजन प्रमाण (Origional Migration Certificate) पत्र एवं स्वहस्ताक्षरित अंकसूची की छायाप्रति (Self attested photocopy of Marksheet) नामांकन आवेदन पत्र (Enrollment Number Application Form) के साथ नामांकन कमांक प्रदाय किये जाने हेतु छात्र / छात्राओं की सूची निम्नानुसार निर्धारित तिथि के अंदर परीक्षा विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें :–
    1. विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अभियांत्रिकी संकाय में स्नातकोत्तर (एम.टेक) / पत्रोपाधी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्र / छात्राओं को अपना प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति (Origional Migration Certificate), स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति (Origional copy of Transfer Certificate) एवं अंकसूची की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित (Self attested Photocopy)संबंधित विभाग में 31 दिसम्बर, 2021 तक किसी भी उपयुक्त माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा ।

– 2–

2. छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये नामांकन आवेदन पत्र (Enrollment Number Application Form) दिनांक 07 जनवरी, 2022 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में संबंधित विभागों द्वारा जमा किया जाना सुनिश्चित करें ।

3. छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के वेबपेज **ggu.ac.in** से **इस सूचना के साथ संलग्न नामांकन आवेदन पत्र मुद्रण** कर स्वयं के द्वारा आवेदन पत्र भरकर स्वहस्ताक्षरित करने के उपरांत मूल प्रवजन प्रमाण पत्र (Origional Migration Certificate),स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति (Origional copy of Transfer Certificate) एवं अंकसूची की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित (Self attested photocopy of Marksheet) संबंधित विभाग को उपरोक्तानुसार निर्धारित समयवाधि के अंदर प्रेषित करेगें ।

आदेशानुसार,

उप कुलसचिव (परीक्षा)

संलग्नः— नामांकन आवेदन प्रपत्र

पृ.कमांक 385/परीक्षा/ नामांकन/2021

बिलासपुर, दिनांक 26/11/21

प्रतिलिपिः—

1. कुलपति/कुलसचिव के सचिव/निज सहायक की ओर माननीय कुलपति जी/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित ।
2. सहायक कुलसचिव, अकादमिक की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वेबसाईट प्रभारी, सी.एस.आई.टी. विभाग की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव(परीक्षा)